# कॉर्डाइट समाचार

## कॉर्डाइट निर्माणी अरुवनकाडु राजभाषा कार्यान्वयन समिति

तिमाही संस्करण अंक–93 जुलाई-सितंबर 2023


---

## संपादकीय

राजभाषा हिन्दी चाहे किसी भी नाम से पुकारी जाती हो, यह भारतीय महाद्वीप में सदियों से प्रयोग की जाती रही है । राज दरबारों में यह ग्यारवीं-बारहवीं शताब्दी में प्रयोग की जाती थी । पृथ्वीराज के शासन के दौरान हिन्दी के प्रयोग के प्रमाण मिलते हैं । सोलहवीं सदी में शेरशाह सूरी ने भी अपने कामकाज में हिन्दी को स्थान दिया था । दक्षिण भारत में महाराजा स्वाति तिरुनाल के दरबार में उनके द्वारा चौदहवीं सदी में हिन्दी काव्य लेखन का प्रमाण मिलते हैं । इस प्रकार इतिहास के झरोखे में यदि हम झांक कर देखें तो हिन्दी सदियों से ही जन भाषा के रूप में प्रयोग होती रही है । आज़ादी के आंदोलन में राष्ट्रीय चेतना की भाषा बनकर राष्ट्रीय एकात्मकता का जो सूत्र प्रस्तुत किया वह अनादि-अनादि काल तक स्मरण रहेगा ।

राजभाषा के रूप में हिन्दी की समर्थता पर अविश्वास करने वाले लोगों को यह जानना अति आवश्यक है कि हिन्दी के प्रयोग का पौराणिक और ऐतिहासिक रूप स्वर्णिम अक्षरों से अंकित है । अत: इस भाषा में कार्य करने हेतु संकोच और अविश्वास को त्याग कर संकल्प और वचनबद्धता को अपने हृदय में स्थान देना होगा ।

जब-जब हम हिन्दी दिवस मनाते हैं तब-तब हमारे मानस पटल पर एक ही विचार उद्वेलित होता है कि आखिर हिन्दी ही राजभाषा क्यों ? निश्चित रूप से हिन्दी दिवस भारतीय भाषा रूपी समृद्ध संपदा को, भारतीय सांस्कृतिक धरोहर को, भारतीयता के स्पंदन को, एक सौ चालीस करोड भारतीय आबादी की गरिमा को युगों-युगों तक संजोय कर रखने के लिए ही हमारे भारतीय संविधान के दूरदर्शी शिल्पकारों ने हिन्दी को राजभाषा बनाकर एक इतिहास रचा था । हिन्दी दिवस इस लिए भारतीयता का पर्व है । भारतीय भाषाओं का पर्व है । संविधान की आठवीं अनुसूची में वर्णित भाषाओं के विकास के लिए भारत सरकार की वचनबद्धता का प्रमाणन है ।

हम जानते हैं कि हिन्दी दिवस संविधान की एक धारा के संवर्धनार्थ शासकीय प्रयास है । यह संवर्धन इस लिए क्यों कि भारत एक प्रचीनतम और विशाल उप महाद्वीपीय लोकतांत्रिक गणराज्य है । इतने बडे देश को समृद्धि दिलाने के लिए हमें लोगों की अंतरात्मा को जानने की आवश्यकता होती है । हमें गर्व है कि हिन्दी में वही तत्व निहित है जो सभी भारतीयों को एक साथ जोड़कर हमें प्रगति के मार्ग पर अग्रसर कर सकती है ।

# स्वतंत्रता दिवस

दि.15 अगस्त 2023 को कॉर्डाइट निर्माणी में स्वतंत्रता दिवस हर्षोल्लास के साथ मनाया गया । दि.15 अगस्त 2023 को निर्माणी सभा कक्ष के प्रांगण में स्वतंत्रता दिवस मुख्य कार्यक्रम का आयोजन किया गया ।

कार्यक्रम शुभारंभ महाप्रबंधक श्री पंकज गोयल द्वारा राष्ट्रपिता महात्मा गाँधी और पंडित जवहरलाल नेहरू की प्रतिमाओं पर मालार्पण के साथ हुआ । तत्पश्चात् निर्माणी सभा कक्ष प्रांगण में महाप्रबंधक महोदय ने ध्वजारोहण किया । इस के बाद डी एस सी, अग्निशमन सेवा और सुरक्षा दरवानों द्वारा राष्ट्रगीत का आलाप करते हुए राष्ट्र ध्वज को सलामी दी ।

श्री एस.के.चिक्काला, संयुक्त महाप्रबंधक ने उपस्थित सभी का स्वागत किया । तदुपरांत अध्यक्ष एवं प्रबंध निदेशक, म्यूनिशंस इंडिया लिमिटेड का स्वतंत्रता दिवस संदेश का तमिल, हिन्दी और अंग्रेज़ी में वाचन किया गया ।

तदुपरांत महाप्रबंधक महोदय ने अपना स्वतंत्रता दिवस संदेश प्रस्तुत किया । अपने संदेश में महाप्रबंध महोदय ने निर्माणी को प्राप्त रक्षा उत्पादन लक्ष्य को समय पर पूरा करने हेतु एक जुट होकर प्रयास करने हेतु सभी से अपील की । वर्तमान प्रतिस्पर्धा युग में हमें अपने उत्पादों की गुणवत्ता पर अधिक ध्यान देना अपवश्यक है और इस हेतु नवीनतम तकनीकियों को प्रयोग में लाना होगा ।

स्वच्छ भारत अभियान के तहत निर्माणी और निर्माणी परिसर क्षेत्र में हो रही गतिविधियों पर आपने प्रकाश डाला । आपने कार्यालय और निवास परिसर को साफ रहने हेतु सभी से आह्वान किया ।

इसके बाद शांति चिह्न के रूप में सफेद कबूतरों को छोड़ा गया । तत्पश्चात् अंकुर विद्या मंदिर के छात्र-छात्राओं द्वारा रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किया गया ।

रक्षा उत्पादन क्षेत्र में उल्लेखनीय योगदान देनेवाले कार्मिकों को नकद पुरस्कार तथा प्रमाण पत्र, दीर्घ काल सेवा हेतु पदक वितरण, मेधावी छात्रों को उत्कृष्ट पुरस्कार, उत्कृष्ट अनुभाग पुरस्कार, निर्माणी निवास परिसर के उत्तम उद्यान पुरस्कार, खेलकूद गतिविधियों हेतु पुरस्कार, उत्तम पारी कक्षा हेतु पुरस्कार आदि का वितरण महाप्रबंधक ने अपने करकमलों द्वारा किया ।

इसके उपरांत महाप्रबंधक ने कॉर्डाइट निर्माणी का इतिहास बतानेवाला भित्तिचित्र(mural painting) का उद्घाटन किया । तत्पश्चात् निर्माणी परिसर के भवन क्रमांक 143 में निर्माणी संग्रहालय का उद्घाटन भी महाप्रबंधक ने किया ।

# स्वतंत्रता दिवस - छायाचित्रों द्वारा



महप्रबंधक द्वारा ध्वजारोहण



राष्ट्रध्वज को सलामी



महाप्रबंधक द्वारा स्वतंत्रता दिवस संदेश



नूतन भित्ति चित्र




कॉर्डाइट संग्रहालय का उद्घाटन





रक्षा उत्पादन क्षेत्र में उल्लेखनीय योगदान हेतु पुरस्कार

# हिन्दी दिवस

भारत सरकार की राजभाषा नीति और राजभाषा विभाग, गृह मंत्रालय द्वारा प्रकाशित वार्षिक कार्यक्रम तथा म्यूनिशन्स इंडिया लिमिटेड के निदेशानुसार कॉर्डाइट निर्माणी में दिनांक 14 सितंबर 2023 से 28 सितंबर 2023 तक हिन्दी पखवाड़ा और हिंदी दिवस का भव्य आयोजन किया गया ।

दि.19/9/2023 को नारा प्रतियोगिता और श्रुतलेखन प्रतियोगिता, दि.20/9/2023 को हिंदी निबंध प्रतियोगिता, दि.21/9/2023 को सामान्य अनुवाद प्रतियोगिता का आयोजन किया गया । इस के अलावा मात्र समूह ए और बी अधिकारियों के लिए राजभाषा प्रश्नावली प्रतियोगिता का भी दि.21/9/2023 को सफल आयोजन किया गया ।

दि.28/09/2023 को निर्माणी के सभा कक्ष में हिन्दी पखवाड़ा का समापन समारोह का भव्य आयोजन किया गया । महाप्रबंधक श्री पंकज गोयल समारोह में मुख्य अतिथि रहे । महाप्रबंधक महोदय द्वारा माँ सरस्वती के छायाचित्र के सामने दीप प्रज्ज्वलन के साथ समारोह का शुभारंभ हुआ। श्री डी.मल्लिक, अपर महाप्रबंधक ने महाप्रबंधक एवं मुख्य अतिथि का शॉल भेंट कर स्वागत किया । श्री सुरेष कुमार चिक्काला, संयुक्त महाप्रबंधक ने उपस्थित सभी का स्वागत किया ।

तदुपरांत माननीय मुख्य अतिथि के करकमलों द्वारा निर्माणी की वार्षिक राजभाषा पत्रिका " मधुकोष " के 29 वें अंक का विमोचन संपन्न हुआ । पूरे पखवाड़े के दौरान आयोजित विभिन्न प्रतियोगिताओं के विजयी प्रतिभागियों को महाप्रबंधक श्री पंकज गोयल ने पुरस्कार वितरण किया । इसके अतिरिक्त राजभाषा के कार्यान्वयन में उत्कृष्ट योगदान हेतु मुख्य कार्यालय स्थापना, पेंशन कक्ष, श्रम ब्यूरो, मोटर परिवहन अनुभाग, यंत्र कक्ष, ई वाई और अभियंता कार्यालय को राजभाषा शील्ड प्रदान किया गया ।

इसके उपरांत संसदीय राजभाषा समिति के आश्वासन के अनुरूप सभी समूह-ए अधिकारियों और विभागीय अधिकारियों को मानव संसाधान विकास मंत्रालय द्वारा प्रकाशित प्रशासनिक शब्दावली का वितरण महाप्रबंधक ने अपने करकमलों द्वारा किया ।

अपने अध्यक्षीय उद्बोधन में महाप्रबंधक महोदय ने कहा कि हिन्दी दिवस के अवसर पर हिंदी के प्रति अपने उत्तरदायित्वों का पालन करें और हिन्दी के विकास में अपना यथोचित योगदान समर्पित करें । अपनी मातृभाषा के साथ हिन्दी को भी दिल से अपनाएँ । आज हिन्दी अपना वैश्विक रूप अपना रही है । विश्व के अनेक विश्व विद्यालयों में हिन्दी पढ़ाई जाती है । भारत को एकता के सूत्र में पिरोने की शक्ति हिन्दी में निहित है । हम सब को हिन्दी में काम करना चाहिए साथ ही दूसरों को हिन्दी में काम करने के लिए प्रेरित भी करना चाहिए ।

डॉ.एम.ए.पी.भट्ट, कनिष्ठ अनुवाद अधिकारी द्वारा कार्यक्रम का संचालन एवं धन्यवाद ज्ञापन के साथ हिन्दी दिवस समारोह कार्यक्रम संपन्न हुआ ।

# हिन्दी दिवस दीर्घा



महाप्रबंधक का स्वागत




वार्षिक राजभाषा पत्रिका मधुकोष का विमोचन




समूह ए अधिकारियों को शब्दकोश वितरण



विजयी प्रतिभागियों को पुरस्कार वितरण





विजयी प्रतिभागियों को पुरस्कार वितरण





विजयी प्रतिभागियों को पुरस्कार वितरण

**संपादक मंडल :- मुख्य संरक्षक :- श्री पंकज गोयल, महाप्रबंधक, मार्गदर्शन:- श्री डी.मल्लिक, अपर महाप्रबंधक, श्री भारतीय विजयकुमार, अपर महाप्रबंधक, प्रधान संपादक :- श्री सुरेष कुमार चिक्काला, संयुक्त महाप्रबंधक, संपादक :- श्रीमती मीरा रॉय, वरिष्ठ अनुवाद अधिकारी सह संपादक :- डॉ.एम.ए.पी.भट्ट, कनिष्ठ अनुवाद अधिकारी, सहयोग:- श्री जी.एम.कासिम, हिन्दी टंकक**